न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)

पीठासीन अधिकारी :– पूनम मीणा (RAS)

मिसल संख्या :– 332/2025

GCMS NO. 2025/622

उनवानी

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0)

ब–ना–म

अनुज कुमार पुत्र प्रहलाद जाति जाट निवासी आर्यनगर तह. बुहाना जिला झुंझुनूं (राज0) **व अन्य**

प्रार्थना पत्र बाबत – रास्ता कायमी

अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

–: आदेश :–

दिनांक :– 19.08.2025

प्रार्थी तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना जिला झुंझुनूं की अभिशंषा के आधार पर राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 131, 132 व राजस्थान भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम, 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 व 86 के प्रावधानों के तहत तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना के पत्र क्रमांक भू.अ./2025/3069 दिनांक 12.08.2025 द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार **प्रचलित** मौके पर चालू है, परन्तु राजस्व अभिलेख एवं राजस्व नक्शे में उक्त रास्ते का अंकन नहीं है, को निम्नलिखित रूप से आदेश के संलग्न प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस में अंकित दर्ज **निजी खातेदारी** भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में किस्म **"गैर मुमकीन रास्ते"** के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। तदनुसार तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना राजस्व अभिलेख में अमल दरामद करें। प्रस्तुत प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस (प्रदर्श–"अ–1 से अ–7" व "ब") इस आदेश के अभिन्न अंग रहेगें। तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना रास्ते का नामान्तरकरण दर्ज कर रास्ते का नक्शे में लाल स्याही से अंकन करें। निजी खातेदारी की भूमि में से चालू स्थायी सार्वजनिक रास्ता संबंधित खातेदार की खातेदारी में ही रहेगा परन्तु नक्शे में व जमाबन्दी में पृथक से खसरा नम्बर दिया जाएगा व रास्ते के रकबे सहित किस्म **"गैर मुमकीन रास्ता"** दर्ज की जायेगी। तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना मुताबिक **प्रदर्श–'ब'** के रास्ते की भूमि का मौके पर सीमांकन करवायेंगे।

क्र. सं.	नाम राजस्व ग्राम	पटवार मण्डल	तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना के प्रस्ताव व नक्शा ट्रेस के मुताबिक रास्ते के उपयोग में आने वाली भूमि के खसरा नम्बरान का विवरण
1.	आर्यनगर	घरड़ाना खुर्द	99/1, 102/2, 103/2, 86/1, 85/2, 84/2, 83/1, 80/2, 45/2, 52/2, 53/1

(पूनम मीणा)
RAS
उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुंझुनूं (राज.)

क्रमांक :– राजस्व/2025/723
दिनांक :– 19.08.2025

प्रतिलिपि :–

तहसीलदार (भू.अ.) बुहाना को राजस्व अभिलेख में अमल दरामद करने हेतु रास्ते पालनार्थ।

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुंझुनूं (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Poonam Meena
Date: 2025.09.09 15:49:25 IST
Reason: SelfAttested